Dainik Jagran (22.04.2016)

एक नजर

नौ शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री

फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नौ शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया है। पात्र शोधार्थियों में चार मैकेनिकल इंजीनियरिंग, तीन कंप्यूटर इंजीनियरिंग, एक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से हैं। सफल शोधार्थियों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से राजेश कुमार अत्री, महेश चंद, देवदत्त व ओम प्रकाश मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से प्रीति सेठी, रश्मी पोपली व सोनाली गुप्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग से धर्मवीर तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से पूनम गुप्ता हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने अधिसूचना जारी की है।

Hindustan Hindi (21.04.2016)

पीएचडी के लिए नौ शोधार्थी चुने

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में पीएचडी के लिए नौ शोधार्थियों को पात्र घोषित किया गया। इनमें से चार शोधार्थी मैकेनिकल इंजीनियरिंग, तीन कंप्यूटर इंजीनियरिंग, एक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से हैं।

इन शोधार्थियों के बारे में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि परीक्षक मंडल और रिसर्च डिग्री कमेटी की सिफारिशों के आधार पर पात्र छात्रों को चुना गया है। इनमें राजेश कुमार अत्री, महेश चंद, देवदत्त आदि शामिल हैं।

Navbharat Times (21.04.2016)

शोधार्थी को मिलेगी डिग्री

■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नौ शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया गया है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने सभी सफल शोधार्थियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है। परीक्षक मंडल व रिसर्च डिग्री कमिटी की सिफारिशों के आधार पर जिन शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया गया है, उनमें मिकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से राजेश कुमार अत्री, महेश चंद, देवदत्त व ओम प्रकाश मिश्रा, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से प्रीति सेठी, रश्मी पोपली व सोनाली गुप्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से धर्मवीर और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से पूनम गुप्ता शामिल हैं।

Punjab Kesari (21.04.2016)

गुणवत्ता की दिशा में कार्य करें शोधकर्ता : दिनेश कुमार

वाईएमसीए के 9 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित

फरीदाबाद, 20 अप्रैल (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में 9 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया गया है। पात्र शोधार्थियों में 4 मैकेनिकल इंजीनियरिंग, 3 कम्प्यूटर इंजीनियरिंग तथा एक-एक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से हैं।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी सफल शोधार्थियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है। प्रो. कुमार ने सभी शोधार्थियों, जिनमें अधिकांश विश्वविद्यालय में फैकल्टी सदस्यों के रूप में कार्यरत हैं, से आह्वान किया कि विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा शोध की स्तर की गुणवत्ता की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी फैकल्टी सदस्य कम से कम एक शोध परियोजना पर अवश्य काम करें। कुल सचिव डा. संजय कुमार शर्मा तथा डीन (फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी) प्रो संदीप ग्रोवर ने भी सभी सफल शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

परीक्षक मंडल तथा रिसर्च डिग्री कमेटी की सिफारिशों के आधार पर जिन शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया गया है।

उनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से राजेश कुमार अत्री, महेश चंद, देवदत्त व ओम प्रकाश मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से प्रीति सेठी, रश्मी पोपली व सोनाली गुप्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग से धर्मवीर तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से पूनम गुप्ता शामिल हैं।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 21 April 2016
epaper.punjabkesari.in/c/9817846